संक्षिप्त

अवैध लकड़ी से भरी टाटा 407 जब्त

भुसावर भरतपुर (निस)। भरतपुर के भुसावर कस्बें में वन विभाग ने अवैध लकडी परिवहन के खिलाफ बडी कार्रवाई की है। उप वन संरक्षक मानस सिंह के निर्देशन और क्षेत्रीय वन अधिकारी नदबई के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। शनिवार रात करीब 10 बजे वनपाल नाका खेड़ली मोड़ पर स्टाफ ने गश्त के दौरान भुसावर से आ रही एक टाटा 407 को रोका। वाहन में प्रतिबंधित हरी लकड़ियां भरी हुई थीं। जांच के दौरान चालक के पास लकड़ियों के परिवहन की कोई वैधानिक स्वीकृति नहीं मिली। वन विभाग ने राजस्थान वन अधिनियम के तहत वाहन को जब्त कर लिया है। वाहन को सुरक्षा के लिए पुलिस थाना भूसावर में खड़ा किया गया है। इस कार्रवाई को टीम प्रभारी ओमेन्द्र शर्मा और केशव सिंह ने अंजाम दिया। वन विभाग की लगातार कार्रवाई से लकड़ी तस्करों और खनन माफियाओं में भय का माहौल बना हुआ है। विभाग अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए निरंतर अभियान चला रहा है।

मनीष मीना नीट में सफल

सूरौठ। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी नीट (यूजी)-2025 परीक्षा के परिणाम में सूरौठ तहसील पटेल का पुरा निवासी मुकेश मीना के सुपुत्र मनीष मीना ने आल इंडिया में 6000 वीं रैंक व एसटी वर्ग में 40 वीं रैंक प्राप्त किए हैं, मीना भविष्य में वह एक सफल सुपर स्पेशियलिट डॉ बनना चाहते हैं तहसील सूरौठ के रहने वाले मनीष के पिता मुकेश मीना लोकों पायलेट हैं उनकी माता गृहिणी हैं मीना ने दिल्ली के एक निजी कोचिंग संस्थान से नीट की तैयारी की मीना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोचिंग शिक्षकों को दिया है इस मौके पर सूरौठ निवासी मीना का चयन होने पर सर्व समाज के लोगों ने मनीष मीना को दूरभाष पर शुभकामनाएं दी।

आग लगने से दो भैंस मरी

सूरौठ। तहसील के समीपवर्ती पाली ग्राम में चंद्रकेश जाट के छप्पर पोश में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, दोपहर का समय होने के कारण सभी परिवार जन सो रहे थे व आग कि लपटे अधिक उठने पर पड़ोसी व वहां से निकलने वाले राहगीरों को आग लगने का पता चला तो उन्होंने जैसे शोर मचाया व परिवार जनों को जगाया जिस पर वहां उपस्थित लोगों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की लेकिन जब तक आग बुझ पाती तब तक आग कि लपटों से दो भैंसों की जलकर मौके पर हुई मौत व 2 भैंसें गंभीर रूप से झूलस गई आग में जलकर हजारों किलोग्राम चारा, गेहूं , , सहित घरेलू सामान भी जलकर हुआ खाक, ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर पाया काबू, पशुपालन विभाग की टीम ने झुलसी भैंसों का किया उपचार, पंचायत समिति सदस्य इंद्रेश पाली व ग्रामीणों ने परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण जिला कलेक्टर करौली से आर्थिक सहायता राशि दिलाने की मांग, जिस पर इस मौके पर ग्रामीण सहित कई लोग रहे उपस्थित।

वैध नाथूलाल शर्मा अध्यक्ष बने

सवाईमाधोपुर। श्री विजेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट में चुनाव अधिकारी अशोक गोयल एडवोकेट द्वारा ट्रस्ट के द्विवार्षिक चुनाव 14 जून को संपन्न कराये। जिसमें ट्रस्टी पद हेतु 30 व्यक्तियों ने फॉर्म प्रस्तुत किए। प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वोट डाले गए। उसके पश्चात मतगणना की गई। जिसमें जिसमें 21 ट्रस्टियों को विजेता घोषित किया गया। विजेता ट्रस्टी बाबूलाल गुप्ता, भगवान दास चौधरी, देवेंद्र सिंह राठौड़ ,गिरधारी शर्मा, गिर्राज केदावत, जगदीश गर्ग, कल्याण मल कंवरिया ,महावीर मित्तल ,महेश गर्ग, निरंजन सिंगल, नरेश शर्मा, नाथूलाल शर्मा, ओमप्रकाश मित्तल ,पूरणमल अठावाल ,प्रहलाद राय गोयल ,रमेश चंद्र अठावाल, श्रीबल्लभ गौतम, सत्येंद्र गुप्ता ,तेज कुमार कुमावत, तिलकराज सिंधी, विनोद कुमार गर्ग रहे। 15 जून को ट्रस्ट के पदाधिकारी के चुनाव सर्वसम्मति से पांच पदों के एक एक नामांकन प्राप्त हुए को विजेता घोषित किया गया। अध्यक्ष पद पर नाथूलाल शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार गर्ग, मंत्री पद पर पूरणमल अठावाल, कोषाध्यक्ष पद पर सत्येंद्र गुप्ता, सहमंत्री पद पर गिरधारी लाल शर्मा को निर्वाचित घोषित किया समस्त ट्रस्टीगण एवं पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

यूडीएच मंत्री ने की वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा

■ वंदे गंगा एक जनआंदोलन है, जल की हर बूंद को सहेजना, वर्षा जल का संठाहण करना और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाना है

करौली । वंदे गंगा एक जनआंदोलन है, जल की हर बूंद को सहेजना, वर्षा जल का संठाहण करना और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाना है उद्देश्य-यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा प्रदेश के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार झाबर सिंह खर्रा ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे जल संरक्षण एवं जल संठाहण कार्यों की विभागवार विस्तृत जानकारी ली और अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक को संबोधित करते हुए यूडीएच मंत्री ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करें। हम सभी की जिम्मेदारी है कि पोखर, तालाब, बावड़ियां, कुएं, बांध और कुंड जैसे पारंपरिक जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जल संठाहण एवं संरक्षण के प्रति जिले वासियों को जागरूक कर उनकी व्यापक स्तर पर सहभागिता सुनिश्चित करें और इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में सफल बनाएँ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एक पेड़ माँ के नाम को मूर्त रूप देते हुए हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे अवश्य लगाए जाएं और लगाए गए पौधों संरक्षण तब तक किया जाए जब तक कि वे एक हरे-भरे वृक्ष के रूप में विकसित न हो जाएँ, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए छाया, फल, जलवायु संतुलन और पर्यावरणीय लाभ दे सकें। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने 5 जून से अब तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत संचालित समस्त गतिविधियों से राज्यमंत्री खर्रा को पीपीटी के माध्यम से विभागवार अवगत कराया और मंत्री को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप अभियान को सफल बनाने में प्राप्त सभी दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिचित कर अभियान को जिले में सफल बनाने की दिशा में अठासर हैं।बैठक में जिला प्रशासन,पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास,जल संसाधन, वन, नगर परिषद, कृषि,वॉटर शेड,जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, उद्यानिकी एवं स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विभागों द्वारा की गई कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की गई।

राज्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं जनसहभागिता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान एक जनआंदोलन है जिसका उद्देश्य जल की हर बूंद को सहेजना, वर्षा जल का संठाहण करना और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आ ान पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में इस विजन को साकार करने के लिए यह अभियान प्रदेश के प्रत्येक जिले में संवेदनशीलता के साथ से संचालित किया जा रहा है।इस दौरान सपोटरा के विधायक हंसराज मीणा, लोकसभा प्रत्या'ी ईंदु देवी जाटव, भाजपा जिला अध्यक्ष्ज्ञ गोर्वधन सिंह जादौन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, उप वन संरक्षक सुमित बंसल, पीयूष शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लाखों का माल जलकर खाक

भरतपुर (निस)। बयाना कस्बे के मुख्य बाजार में बीती रात एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। हादसा रात करीब 1 बजे स्टेशन रोड पर स्थित बंद दुकान में हुआ, जिसमें लाखों रुपये के कपड़े और अन्य सामान जलकर राख हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 1:00 बजे दुकान से धुएं की तेज गंध आने लगी, जिससे आसपास के रहवासियों को आग लगने का अंदेशा हुआ। पड़ोसी हरिओम गोयल ने बताया कि यह दुकान ताराचंद नारंग की थी, जो उस समय बंद थी। धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तत्काल पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की और दुकान मालिक को फोन पर सूचना दी। ताराचंद नारंग के मौके पर पहुंचने पर दुकान का ताला खोला गया और लोगों ने मिलकर दुकान के अंदर भभक रही आग पर किसी तरह काबू पाया। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग को और फैलने से रोका जा सका। लेकिन इस घटना में लाखों रुपये के कपड़े और अन्य सामठी जलकर खाक हो गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अनुमान है कि शॉर्ट सर्किट या बिजली के अन्य कारणों से यह आग लगी हो सकती है।

सार-समाचार

विधायक को ज्ञापन सौंपा

भरतपुर (निस)। भरतपुर बाबरी जाति सुधार समिति की ओर से स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग को ज्ञापन सौंपकर वार्ड नम्बर 56 की गोकुल नगर बाबरी बस्ती में रह रहे विमुक्त बाबरी अनुसूचित जाति के परिवारों को आवासीय पट्टे दिलवाने की मांग की गई है। समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद जगदीश सिंह के नेतृत्व में विधायक डॉ. गर्ग को सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया कि विमुक्त बाबरी अनुसूचित जाति के करीब पिछले 40 वर्षों से योजना संख्या दो सैक्टर नम्बर 4 पर गोकुल बस्ती में करीब 400 परिवार पक्के व कच्चे मकान बनाकर रह रहे हैं। वह अशिक्षित व गरीब होने के साथ ही कमजोर वर्ग से आते हैं और अधिकांश परिवार बीपीएल श्रेणी के हैं। इन सभी लोगों के मूल व जाति प्रमाण पत्र बने हुये हैं। नगर निगम की ओर से 10 वर्ष पूर्व यहां पर सर्वाजनिक सुलभ शौचालय बनवाया था और यहां की बस्ती के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से राजकीय प्राथमिक विद्यालय भी सरकार द्वारा खुलवाया था। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2001 में नगर सुधार न्यास द्वारा गोकुल नगर बाबरी बस्ती में सर्वे कराकर पट्टे आवंटित के लिये अम्बेडकर आवासीय योजना के तहत 17 परिवारों को पट्टे जारी कर दिये गये थे। उन्होंने डॉ. गर्ग को दिये ज्ञापन में बताया कि पिछले वर्षों मे भी यूआईटी द्वारा पुनः पट्टे आवंटन के लिये सर्वे कराया लेकिन अभी तक भूमि आवंटन के पट्टे जारी नहीं हुये हैं। उन्होंने गरीब वंछित परिवारों की स्थिति को देखते हुये विमुक्त घुंमतू, अर्द्ध घुंमतू समुदाय, दादू दयाल घुंमतू सशक्तिकरण योजना के तहत योजना संख्या दो सैक्टर नम्बर 4 की भूमि आवंटन के पट्टे जारी करवाने का आठाह किया है। ताकि यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।

तनय कुमार फ्लाइंग ऑफिसर बने

भरतपुर (निस)। हैदराबाद में आयोजित भारतीय वायु सेना के अधिकारियों की भव्य पासिंग आउट परेड में भरतपुर क्षेत्र के लाल तनय कुमार डागुर पुत्र देवेंद्र कमार, द्वितीय कमान अधिकारी, बी एस एफ ने फ्लाइंग ऑफिसर बनकर परिवार की देश सेवा की परंपरा को जारी रखते हुए परिवार की चौथी पीढ़ी के रूप में देश सेवा में कदम रखा है। उल्लेखनीय है कि फ्लाइंग ऑफिसर तनय कुमार डागुर, दिवंगत कर्नल हरी सिंह, डीग निवासी समाज सेवी के भ्राता पौत्र हैं। कर्नल हरी सिंह अपने पौते को बचपन से ही देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहे और उनके मार्ग दर्शन से प्रभावित होकर तनय ने शुरू से ही अपना मन राष्ट्र सेवा में जाने का बना लिया था। फ्लाइंग ऑफिसर तनय शुरु से मेधावी छात्र रहे है, इन्होंने 12 कक्षा पास करने के बाद आई आई एम में इंटीठोटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट में भी एडमिशन हासिल किया। राष्ट्र सेवा की परिवार की परंपरा को जारी रखने की भावना से एन डी ए में चयनित हए और आई आई एम को छोड़कर एनडीए में शामिल हुए। एन डी ए में प्रशिक्षण के दौरान उनकी काबिलियत के आधार पर उनका भारतीय वायु सेना में बतौर पायलट चयनित किया गया।

परसराम राजौरा का निधन

हिंडौन सिटी। अखिल भारतीय खटीक समाज, हिंडौन के संरक्षक तथा अध्यक्ष परसराम राजौरा का शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बैंडबाजों के साथ चकडोल के रूप में निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अंतिम विदाई दी। क्षेत्र के विभिन्न संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। परसराम राजौरा वयोवृद्ध कांठोस नेता थे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी के वक्त वर्ष 1980 में हिंडौन विधानसभा क्षेत्र से कांठोस के टिकट पर चुनाव लड़ा था। हिंडौन नगर परिषद में प्रतिपक्ष नेता रहे धर्म सिंह राजौरा और छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कर्ण सिंह राजौरा के पिता परसराम राजौरा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे कुछ दिनों से बीमार होने के कारण जयपुर में उपचार ले रहे थे। जयपुर में ही उपचार के दौरान शनिवार को सुबह उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव देह दोपहर को हिंडौन पहुंचा तो बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर एकत्र हुए और अंतिम यात्रा में शामिल हुए। करौली रोड स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया, जहां हजारों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। तीये की बैठक सोमवार को शाम 4 से 6 बजे तक खटीक समाज धर्मशाला में आयोजित होगी। अखिल भारतीय खटीक समाज हिंडौन के पदाधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न संगठनों ने समाजसेवी परसराम राजौरा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

नई कार्यकारिणी गठित

भरतपुर (निस)। जिला अहीर महासभा समिति भरतपुर के जिलाध्यक्ष देवकीनंदन यादव के निर्देशानुसार निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में चार ब्लॉकों में चुनाव सम्पन्न हुए, जिनमें भरतपुर शहर अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेरसिंह यादव, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमारद यादव, महामंत्री सुरेश चंद यादव, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह यादव को बनाया गया। भरतपुर ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमसिंह महचौली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद यादव विसदा, उपाध्यक्ष लाल सिंह पीरनगर, महामंत्री दीपक यादव हिडौंला, कोषाध्यक्ष बीरवल यादव हिडौंला को बनाया गया। ब्लॉक डीग अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव, महामंत्री सचिन यादव, कोषाध्यक्ष भूपेश यादव को बनाया गया, ब्लॉक पहाडी अध्यक्ष चेतराम यादव इकलहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष यादव मातुकी, उपाध्यक्ष राहुल यादव कान्हौर, महामंत्री यादराम यादव चंदूपुरा, कोषाध्यक्ष जीतराम यादव पीपलखेडा को बनाया गया। सभी ब्लॉकों के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। निर्वायन अधिकारी के रूप में भरतपुर ग्रामीण में पूरन सिंह पालका, रमेश चंद एवं शहर धर्मवीर यादव महरावर, मनोज यादव ककरारा, ब्लॉक डीग में प्रकाश चंद यादव मैनेजर पीएनबी, जगदीश यादव जयश्री, ब्लॉक पहाडी में सरदार सिंह यादव, धारा सिंह यादव बेरूं, अनिल कुमार यादव कांमा, हरवीर यादव अध्यापक द्वारा सकुशल सम्पन्न कराये गये। इस निर्वायन की प्रक्रिया में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष देवकीनंदन यादव द्वारा नव निर्वाचित ब्लॉक कार्यकारिणियों के पदाधिकारियों के लिये बधाई एवं शुभकामनाऐं दी गईं।

विधायक डॉ. गर्ग ने जनसुनवाई की

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री, भरतपुर विधायक एवं राष्ट्रीय लोकदल के महामंत्री डॉ. सुभाष गर्ग रविवार को एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। जहां समर्थकों ने उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई की और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात कर उनके दुःख सुख में शामिल हुये। डॉ. गर्ग ने भरतपुर दौरे के दौरान भुसावर के महिला विद्यापीठ में आयोजित हुये सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत की बाद में उन्होंने रणजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई कर लोगों के अभाव अभियोग सुने। इस दौरान स्थानान्तरण चाहने वाले कर्मचारियों ने भी डॉ. गर्ग से मुलाकात की।

जल संरक्षण अभियान प्रगति की समीक्षा

■ अभियान से प्रदेश में समृद्धि के द्वार खुलेगे

भरतपुर (निस)। जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने जिले में 'वंदे-गंगा जल संरक्षण जन अभियान' की प्रगति की रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर अधिकारियों को संबोधित किया। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान जन अभियान के तहत शहरों एवं गांवों में सभी जलस्त्रोतों का संरक्षण कर वर्षाजल संरक्षण की पहल की है। इससे आने वाले समय में प्रदेश में समृद्धि के द्वार खुलेंगे, पर्यावरण में सुधार के साथ ही किसानों को सिचाई का पानी एवं आम नागरिकों व जीवजन्तुओं को पेयजल मुहैया होगा। उन्होंने कहा कि अभियान में जिन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है वे सक्रियता से भागीदारी निभाते हुए आमजन को इस अभियान में अधिक से अधिक जोडें जिससे अभियान की सार्थकता सिद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि वर्षाजल का संरक्षण होगा तो निश्चित रूप से क्षेत्र में खुशहाली आयेगी, हरियालो राजस्थान के तहत लगाये जाने वाले पौधों का पानी मिलने से हरित प्रदेश का सपना साकार होगा। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर भरतपुर शहर में सभी ऐतिहासिक जलकुण्डों का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है इससे जल संरक्षण की परम्परा जीवित होने के साथ शहर में जल भराव की समस्या से निजात मिलगी। उन्होंने जलकुण्डों पर किये गये कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इसमें अब स्थानीय नागरिकों की भागीदारी भी बढायें जिससे पर्यटन विकास की दृष्टि से भी इनका उपयोग किया जा सके। उन्होंने जल कुण्डों के आसपास पौधारोपण का प्लान भी तैयार कर उनकी देखरेख की व्यवस्था भी सुनिश्चत करने के निर्देश दिये । जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि 'वंदे-गंगा जल संरक्षण जन अभियान' की उपयोगिता को साकार करने के लिए सभी अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करते हुए गांव-गांव तक जागरूकता लानी होगी। प्रत्येक गांव में अभियान के तहत गतिविधियां आयोजित कर हमारी जल संरक्षण की परम्परा को जीवित करते हुए आमजन को भागीदार बनायें।

यूडीएच मंत्री के नेतृत्व में शाही कुण्ड पर किया दीपदान

करौली, (निंसं.) करौली के शाही कुण्ड की पवित्र छटा के बीच दीपों की रोशनी से सजी संध्या में स्थानीय नागरिकों ने जल संरक्षण,स्वच्छता और सांस्कृतिक विरासत संरक्षण का लिया संकल्प। प्रदेश के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य में रविवार को करौली के शाही कुण्ड पर दीपदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री द्वारा जलपूजन किया गया और शाही कुण्ड की चार दीवारी एवं तीन दरवाजा चार दीवारी का विधिवत शिलान्यास किया गया। शाही कुण्ड की पवित्र छटा के बीच दीपों की रोशनी से सजी संध्या में स्थानीय नागरिकों ने जल संरक्षण,स्वच्छता और सांस्कृतिक विरासत संरक्षण का संकल्प लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्य यूडीएच मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नहीं बल्कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजो कर अगली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाना भी है। दीपदान जैसा आयोजन सामाजिक चेतना और जनभागीदारी का जीवंत उदाहरण है। करौली ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध नगर है। दीपदान कार्यक्रम से न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को प्रबल किया जा रहा है बल्कि जन जागरूकता का भी संदेश दिया रहा है। राज्य सरकार पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए स्थानीय सहभागिता आधारित योजनाएं संचालित कर रही है जिससे जल आत्मनिर्भरता और स्वच्छता का सपना साकार हो सके। यह आयोजन न केवल प्रशासन और समाज के बीच सहयोग के उदाहरण के रूप में सामने आया है बल्कि यहाँ से यह संदेश भी दिया गया है कि पारंपरिक जल स्त्रोतों और विरासत स्थलों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है और इसे जन सहभागिता से ही सार्थक रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक जलपूजन से हुई जिसके माध्यम से शाही कुण्ड की पवित्रता और उसके ऐतिहासिक महत्व को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। संध्या होते ही शाही कुण्ड परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। दीपदान की इस मनोहारी छटा ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया और सांस्कृतिक गौरव का एहसास कराया।इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और सांस्कृतिक कार्यकर्ता शामिल हुए।सभी ने जल संरक्षण, स्वच्छता और ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान सपोटरा के विधायक हंसराज मीना,जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना,मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना,अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना, डॉ नगर परिषद सभापति राजरानी शर्मा,समाज सेवी बबलू शुक्ला सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जन प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या आमजन उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी की प्रथम कार्यकारिणी बैठक संपन्न

■ वर्षभर आयोजित कार्यक्रमो की बनाई रूपरेखा

गंगापुर सिटी, । भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी की प्रथम कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार खारवाल की अध्यक्षता में रुक्मणी मैरिज गार्डन में हुई। बैठक का शुभारंभ मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर माला और तिलक लगाकर वंदे मात्रम गायन के साथ हुआ।

शाखा सचिव रामदयाल मीणा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य साल भर में होने वाले कार्यों का वार्षिक कैलेंडर बनाकर कार्यों को संपादन करने पर चर्चा करना और सभी गतिविधि संयोजक और प्रकल्प प्रभारियो को अपने अपने प्रकल्पों की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत दिनांक 16 जून से 21 जून 2०25 तक ग्रीष्मकालीन महिला अभिरुचि शिविर का आयोजन में महिला डान्स, मेहंदी, ढोलक, ब्युटीशियन और योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा, यह शिविर महिलाओं द्वारा संचालित किया जायेगा जो कि मित्तल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पोस्ट आफिस के सामने मिर्जापुर में संपन्न होगा। 27 जून को डॉक्टर सूरज प्रकाश की जयंती के अवसर पर नंगे बाबा गौशाला कालेज के पास में गायों को हरा चारा और गुड खिलाकर जयंती मनाई जाएगी और शहर के विभिन्न स्थानों पर निराश्रित गौवंश को भी हरा चारा वितरण किया जायेगा। सचिव ने बताया कि भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस 1० जुलाई को खाटूश्याम मंदिर परिसर में शाम को श्रद्धालुओं को मीठा शरबत पिलाकर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। सभी कार्यऋमों में परिषद के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। एनिमिया उन्मूलन के अन्तर्गत जांच शिविर, परिवार वन विहार कार्यऋम, गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन कार्यऋम को ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों में आयोजित करना, भारत को जानो प्रतियोगिता को अधिक से अधिक विद्यालयों में प्रचार प्रसार कर आयोजित करवाना, राष्ट्र ीय समूह गान प्रतियोगिता करवाना, संस्कृति सप्ताह, राष्ट्र ीय पर्व, महापुरुष जयंती, रक्तदान शिविर नेत्र चिकित्सा कैंप, सामूहिक सरल विवाह, निर्धन मेघावी छात्रों को गणवेश/बैग वितरण करना, स्थाई प्रकल्प मोक्षधाम संचालित हीरालाल का रखरखाव और सही संचालन करना, स्थायी जल मंदिर के रखरखाव, हायर सेकंडरी स्कूल पर वाटर कूलर लगाना और प्रांत से प्राप्त सम्बंधित प्रकल्प प्रभारियो को पुस्तक भी वितरण की गई। कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव ने रेलवे स्टेशन पर लगाई गई प्याऊ का आय व्यय का हिसाब पेश किया, गत माह हुए दायित्व ग्रहण समारोह के संयोजक रमेश चंद गुप्ता पट्टी वाले ने कार्यक्रम का आय-व्यय का ब्यौरा दिया। राष्ट्र गान के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संरक्षक अशोक कुमार बंस-ममता डांस,पूजा गुप्ता सहित 25 कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। राजेंद्र खारवाल शाखा अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 1०और 12में 9०त्न से अधिक अंक लाने वाले,और नीट , इंजीनियरिंग मैं परिषद के सदस्यों के बच्चों का सलेक्शन होने पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

दीपदान महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

■ भक्तों ने हनुमान जी की झांकी के दर्शन भी किए

भुसावर भरतपुर (निस)। भुसावर कस्बा में हिंडौन सड़क मार्ग स्थित प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी मंदिर परिसर में शनिवार को धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जहां भक्तों ने हनुमान जी की झांकी के दर्शन कर दीपदान करते हुए मनोकामनाएं मांगी गई तो वही दूसरी ओर स्थानीय एवं दूर दराज के क्षेत्र से आए गायक कलाकारों ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ करते हुए बाबा को रिंझाया और भजनों के माध्यम से समाज सुधार के अनेक संदेश दिए गए। कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के सेवक महेश चन्द शर्मा जती ने बताया कि प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के प्रांगण में शनिवार को धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम हनुमान जी की प्रतिमा को पोशाक का चोला चढ़ाते हुए मनमोहक एवं आकर्षक श्रंगार किया गया। वहीं देर सांयकाल दीपदान महोत्सव में भक्तों ने दीपदान करते हुए अपनी मनोकामनाएं मांगी गई वहीं दूसरी ओर हलेना से पधारे घनश्याम महाराज, नयावास भुसावर के जगदीश सैनी एवं म्यूजिकल ग्रुप की और से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। जहां भगवान राम के भजन एवं हनुमान जी के लांगुरिया सुना कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। दीपदान महोत्सव एवं सुंदरकांड पाठ का समापन महा आरती के बाद प्रसादी वितरण कार्यक्रम के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर सभी भक्तों का सराहनीय सहयोग रहा जिन्होंने कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के प्रांगण में आयोजित हुए कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हनुमान जी की समक्ष अपनी हाजिरी लगाकर मनोकामनाएं मांगी।

6 विद्यार्थियों का चयन

गंगापुर सिटी। शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिवर्ष नये आयाम स्थापित करने वाले एवं प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड से सम्मानित कुहू इंटरनेशनल एकेडमी के 6 विद्यार्थियों का नीट परीक्षा में चयन हुआ। विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा-2०25 में एकेडमी के टारगेट बैच में अध्यनरत छात्रा हर्षिता अग्रवाल पुत्री विष्णु अग्रवाल ने 572 अंक के साथ 438 कैटेगिरी रैंक प्राप्त की है । एकेडमी के एच ओ डी भूपेन्द्र केवट ने बताया कि इस वर्ष एकेडमी में 13 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा दी , इनमें से 6 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई कर एकेडमी का एवं अपने घर वालों का नाम रोशन किया। साथ ही बताया कि सफल विद्यार्थियों में हर्षिता अग्रवाल पुत्री विष्णु अग्रवाल, मनीष वर्मा पुत्र वेद प्रकाश, पलक शुक्ला पुत्री मनोज कुमार शर्मा , प्रिया प्रजापत पुत्री प्रीतम कुमार प्रजापत, राहुल बैरवा पुत्र बलराज बैरवा, जितेंद्र कुमार पुत्र गोपाल लाल रेगर ने सफलता प्राप्त की है ।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरु

करौली, (निंसं.) प्रदेश के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार झाबर सिंह खर्रा ने रविवार को टाऊन हॉल में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में समठा विकास को गति देना, बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना